हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी 2025

12 महेंद्रगढ़ शहर के बाजार में चलाया अतिक्रमण...



12 अल्टरनेट सिस्टम शुरू, कल से शहर को मिलेगा...



## खबर संक्षेप

### बिलिंग से संबंधित शिकायत की आज होगी सुनवाई

**महेंद्रगढ़।** कार्यकारी अभियंता कार्यालय दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा 19 फरवरी को की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### भुगारका पावर हाउस में मेंटिनेंस कार्य आज

**नांगल चौधरी।** गांव भुंगारका पावर हाउस में 19 फरवरी को ट्रासंफर व अन्य उपकरणों की रिपेयर होगी। इस कारण पावर हाउस से अटैच गांवों की दो घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस संबंध में बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता कमल सिंह ने बताया कि रिपेयर का काम सुबह 10 बजे शुरू होगा तथा दोपहर 12 बजे कंप्लीट करने का शेड्यूल है। रिपेयर के दौरान अकबरपुर, सिरोही बहाली, शिमली, आकोली, मुलोदी, नंगली, नेहरूनगर समेत करीब 15 गांवों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि रिपेयर के बाद उपभोक्ताओं को पूरी वोल्टेज में सुचारू रूप से सप्लाई मिल सकेगी।

### आज कांटी के गांवों में बिजली बाधित रहेगी

**मंडी अटेली।** कांटी स्थित 33 केवी पावर हाउस से चलने वाली विभिन्न गांवों की बिजली सप्लाई पर निगम द्वारा कार्य करने के कारण बिजली बंद रहेगी। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जेई भगवान सिंह ने बताया कि बिजली सप्लाई को दुरुस्त रखने के लिए समय समय पर केबल को दुरुस्त किया जाता है, जिसके लिए आज बुधवार को केबल बॉक्स को ठीक करने के साथ अन्य सप्लाई को भी दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए सुबह 10 बजे से कांटी 33 केवी पावर हाउस से जुड़े गांव खेड़ी, नावदी, रामपुरा, कांटी, बांस तथा बिहाली की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कांटी स्थित 33 केवी पावर हाउस से चलने वाली विभिन्न गांवों की बिजली सप्लाई पर निगम द्वारा कार्य करने के कारण बिजली बंद रहेगी।

## चेयरपर्सन सहित कुल 60 नामांकन दाखिल

# नाम में विसंगति होने के कारण स्नेहलता का नामांकन रद्द, अब प्रधान की कुर्सी के लिए 8 उम्मीदवार, आज नामांकन पत्र वापस लेने का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

आगामी दो मार्च को कनीना में होने वाले स्थानीय सरकार चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामाकंन पत्रों की मंगलवार चुनाव आर्ब्जवर एचसीएस योगेश कुमार की उपस्थिति में आरओ एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत व एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल द्वारा जांच-पड़ताल की गई। कनीना नपा के 14 वार्डों के लिए 51 तथा चेयरपर्सन पद के लिए नौ सहित कुल 60 नामाकंन पत्र दाखिल हुए थे। जांच के दौरान एक महिला चेयरपर्सन उम्मीदवार सावित्री बाई उर्फ स्नेहलता का नाम शैक्षिक दस्तावेजों व आधार कार्ड में नाम अलग-अलग होने के कारण रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही चेयरपर्सन पद के लिए आठ व वार्ड पार्षद के लिए 51 नामाकंन पत्र सही मिले। एसडीएम कोर्ट रूम कनीना में नामाकंन प्रक्रिया 11 फरवरी से शुरू हुई थी 17 फरवरी तक चली। जिसमें प्रधान पद के लिए सुमन देवी, सरिता सिंह, रिंपी कुमारी, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी, स्नेहलता, सुमन व दीप्ती ने आवेदन किया। इसी प्रकार पार्षद के लिए वार्ड एक से नीतू यादव, मंजू देवी,स्वाति यादव, निर्मला दो से दीपक सिंह व सुनील कुमार तीन से सुमेर सिंह व थान सिंह चार से अंजू, रेखा, निशा, प्रियंका सोनी व राजकुमार, पंचम यादव व मंजू, छह से राकेश कुमार, हेमराज व संदीप, सात से राजेश देवी, उषा व कमला देवी, आठ से पूजा,नीलम देवी व रेणु, नौ से दीपक कुमार, राजेश कुमार, सजन सिंह, पूनम व नितेष, 10 से दीपक यादव, अनिल कुमार, नितिन व योगेश, 11 से होशियार सिंह, अनिल यादव व रविंद्र कुमार, 12 से पूनम यादव, राखी कुमारी, अनिता बाई, सुमन देवी व एकता, 13 से प्रदीप यादव, सूबेसिंह व देशराज, 14 से अनूप यादव, राजेंद्र सिंह व जयप्रकाश की ओर से आवेदन किया गया था। अभी बुधवार 19 फरवरी को नामाकंन पत्र वापिस लिए जा सकते हैं। इसके बाद चुनाव मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह अलाट किए जाएंगें। जिनके लिए दो मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को मतगणना की जाएगी। इस मौके पर कानूनगो उमेद सिंह जाखड, चुनावी कानूनगो पूनम सिंह, विक्रम सिंह, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे।



8 कनीना। नामकंन पत्रों की जांच करते आरओ डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत व अन्य।

### खास बातें

- कनीना में स्थानीय सरकार चुनाव के लिए नामाकंन पत्रों की हुई जांच-पड़ताल
- चेयरपर्सन के लिए 8 तथा वार्ड पार्षद के लिए 51 नामाकंन पत्र सही मिले

### सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित वार्ड

कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि वार्ड नम्बर एक को बीसी-बी व वार्ड चार को बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड छह को एससी सामान्य व आठ को एससी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड सात व 12 को सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिर्जव किया गया है। वार्ड दो, तीन, पांच, नौ, 10, 11, 13, 14 को अनारक्षित घोषित किया है। सभी 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेंगें।

### मतगणना के लिए अटेली व कनीना में केंद्र

उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि नगर पालिका अटेली मंडी तथा नगर पालिका कनीना के सभी वार्डों के अध्यक्षों व सदस्यों की सीटों के लिए आम चुनाव की मतगणना 12 मार्च को सुबह आठ बजे से अटेली व कनीना में होगी। उन्होंने बताया कि अटेली नगर पालिका के मतों की मतगणना अटेली मंडी (नीरपुर) में स्थित प्रशासनिक भवन प्रथम तल पर मीटिंग हॉल में होगी। कनीना नगर पालिका के मतों की मतगणना राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में की जाएगी।

बॉक्स

### एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

कनीना में आगामी दो मार्च को होने वाले नगरपालिका चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंगलवार को मतदान केद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से करवाए जाएंगें। असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा।

## करीब डेढ़ साल पहले जीआरपी वालों को पुराना भवन खाली करने के दे दिए गए थे आदेश

# नए भवन में शिफ्ट होगी जीआरपी भवन को दिया जा रहा अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) शीघ्र ही नए भवन में शिफ्ट होगी। इसके लिए भवन तैयार कर दिया गया है, जिसे अब अंतिम रूप देने पर कार्य शुरू कर दिया गया है। नया भवन दो मंजिला होगा, जिसमें रसोई से लेकर हवालात तक की सुविधा होगी। फिलहाल इसमें दरवाजे–खिड़की एवं बिजली आदि के कार्य पर काम किया जाना बाकी है।

बता दें कि रेलवे स्टेशन के समीप ही राजकीय रेलवे पुलिस की चौकी बनी हुई है। पुरानी चौकी जहां एक मंजिला है, वहीं नया भवन दो मंजिला तैयार किया गया है, जिसमें मूलभूम सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। पुराना भवन रेलवे अधिकारियों के रेस्ट हाउस के पास बना हुआ है, जिसे अब अलग कर दिया गया है। यह भवन भी रेलवे द्वारा तैयार करवाया जा रहा है। इसके निर्माण की प्रक्रिया करीब डेढ़ साल पहले शुरू हुई थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। नया भवन रेलवे पुलिस दफ्तर वाली लाइन में ही उसके पीछे बनाया गया है, जबकि पहले यह दोनों अलग–अलग बने हुए थे, मगर अब पास–पास बना दिए गए हैं। पुराना भवन के कमरों की ऊंचाई जहां काफी कम थी, वहीं वह छोटी–छोटी हट्स के रूप में बने थे, जबकि नए भवन के कमरे पहले की अपेक्षाकृत ज्यादा सुविधाजनक होंगे। उनकी छतें पहले की तुलना में काफी ऊंचाई पर बनाई गई हैं, जिनमें सीलिंग फैन लगाने में परेशानी नहीं होगी।



नारनौल। जीआरपी का रेलवे स्टेशन के नजदीक तैयार करवाया गया दो मंजिला भवन। फोटो : हरिभूमि

- जीआरपी को लड़नी पड़ी थी लंबी लड़ाई

### मैटीरियल को लेकर होती रही नोंक-झोक

बेशक से रेलवे जीआरपी के लिए नया भवन तैयार करवा रही है, लेकिन इस भवन के लिए जीआरपी वालों को रेलवे वालों से कई मामलों में पंगा लेना पड़ा है। शुरूआत में रेलवे के जीआरपी खाली करने के दिशा–निर्देश पर जीआरपी वाले नया भवन बनाकर देने तक की बात पर अडिग रहे। हुआ यूं कि रेलवे ने जीआरपी वालों को वह जगह खाली करने के लिखित आदेश जारी कर दिए। इस पर जीआरपी वालों को रेलवे से नया भवन बनाकर देने पर ही खाली करने की लड़ाई लड़नी पड़ी।

### यह होंगी नए भवन में सुविधाएं

जीआरपी के नए भवन में एक रूम जहां एसएचओ के लिए रहेगा, वहीं एक कमरा मुंशी के लिए रहेगा। एक मालखाना तथा लेडिज एवं जेंट्स की अलग–अलग दो हवालात भी होंगी। एक रसोई घर भी बनाया गया है। इस दो मंजिला भवन में जहां नीचे का भवन दफ्तरी कार्यों के लिए प्रयोग किया जाएगा, वहीं ऊपरी माला रिहायश के तौर पर उपयोग में लिया जाएगा।

### यह काम रह गए हैं शेष

नए भवन को जहां लगभग तैयार कर दिया गया है, वहीं इसमें अब बिजली–पानी की फिटिंग शेष रह गई है। बिजली फिटिंग करने के साथ ही इसमें लाइटें एवं पंखें वगैरा लगाने भी बाकी हैं। टॉयलेट, रसोई एवं स्नानघर में पानी के कनेक्शन किए जाने हैं। इन सभी कमरों के दरवाजे–खिड़कियों पर गेट वगैरा लगाए जाने भी शेष हैं।

### यह बोले अधिकारी

जीआरपी का नया भवन तैयार कर दिया गया है, लेकिन अभी उसे अंतिम रूप दिया जाना एवं समुचित मूलभूत सुविधाएं तैयार करना शेष हैं। सभी कार्य पूरे होने पर ही जीआरपी को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा।

**महेंद्र सिंह, जीआरपी सब इंस्पेक्टर**



मंडी अटेली। नामांकनों की जांच करते रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम रमित यादव व टीम।

## प्रधान पद व पार्षद पद के सभी उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकार किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

नगर पालिका में प्रधान पद एवं पार्षद पद के लिए भरे गए कुल 63 नामांकन पत्र छंटनी के दौरान सही पाए गए। इन नामांकन को रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम रमित यादव के द्वारा प्रत्येक आवेदन को चेक किया। नामांकन में चुनाव आयोग के अनुसार गाइडलाइन दी गई थी, उनको बारीकी से देखा जाए। इस दौरान सभी नामांकन में उम्मीदवार के द्वारा दी गई जानकारी पेपर सही मिलने के उपरांत उनको स्वीकार किया गया है। इस दौरान सभी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा था, उन सभी को बुलाया गया और उनके समक्ष बताया गया कि किसी को किसी के नामांकन पर कोई आपत्ति है तो वह बता सकता है। नामांकन पत्र पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई और जो जानकारी दी गई थी, उम्मीदवारों द्वारा पेपर सबमिट किए गए थे, वह सब सही पाए गए। अभी भी नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों ने अभी पार्टियों की तरफ से कोई आस नहीं छोड़ी है, अब भी उनके मन में पार्टी के प्रति लगाव बना हुआ है। अभी भी मीटिंगों का दौर जारी है। 19 फरवरी को किसी को अपने पक्ष में बैठने के लिए पूरी जोर आजमाइश की जाएगी। कुछ लोगों ने उम्मीदवारों ने अपने दो-दो जगह नामांकन किए हैं। आज 19 फरवरी को ही सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस लेने का समय रहेगा। उसके बाद उम्मीदवारों को उनके चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।



नारनौल। दोस्तपुर में कब्जा कार्रवाई करवाते अधिकारी।

# मौसमपुर एवं बिहारीपुर में बजरी के अवैध खनन में मुकदमा दर्ज

- एसडीएम ने किया खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण
- राजस्थान बॉर्डर पर दोस्तपुर में पैमाइश अनुसार कब्जा कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

हरियाणा खान एवं भू विभाग के महानिदेशक एवं उपायुक्त डॉ विवेक भारती के निर्देश अनुसार एसडीएम मनोज कुमार ने आज बायल क्षेत्र में संचालित खनिज खानों का पर्यावरण से संबंधित नियमों की पालना के लिए निरीक्षण किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी एचएसपीसीबी, खनन अधिकारी एवं सीपीसीबी से आए अधिकारीभी मौजूद थे।

एसडीएम मनोज कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इसके अलावा खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा गत दिवस चैकिंग के दौरान गांव मौसमपुर एवं बिहारीपुर की पंचायती एवं निजी जमीन से मिट्टी बजरी का अवैध खनन करवाने वाले जमीन मालिकों एवं वाहन मालिकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को पकड़े गए ट्रक मालिक से लगभग 3.20 लाख रुपये सरकारी खाते में जमा करवाए गए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि विगत नौ फरवरी को गांव सोहला में हुई अवैध खनन की घटना पर कार्रवाई करते हुए वाहन मालिकों से लगभग 1.49 लाख रुपए वसूली के लिए नोटिस दिया गया है। इनके खिलाफ पहले ही एफआईआर भी दर्ज है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि वे अवैध खनन ना करें एवं जिले में अवैध खनन को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें। इसके अलावा आज गांव दोस्तपुर में राजस्थान सीमा के साथ अवैध कब्जे को हटाने के लिए बीडीपीओ नांगल चौधरी रेणु लता एवं खनन अधिकारी द्वारा पैमाइश करवा कर कब्जा कार्रवाई शुरू कर दी है।इस मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी एचएसपीसीबी, खनन अधिकारी एवं सीपीसीबी से आए अधिकारीभी मौजूद थे।

## अधिकारी समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का जल्द करें निपटारा: उपायुक्त

**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित शिकायतों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में 47 शिकायतें प्राप्त हुई, इन शिकायतों का उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द का निपटाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि हर कार्य दिवस पर एसडीएम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का मौके पर निपटारा करने के प्रयास किए जाते है। उपायुक्त ने गांव मालडा, बवाना, खेड़की, गागडवास व देवास में पंचायत जमीन पर अवैध कब्जों पर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त ने बिजली व पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन, बेरोजगारी भत्ता व अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीपीओ नवदीप, नायब तहसीलदार निशा तंवर के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नामांकन में अनापत्ति प्रमाण पत्र लागू होने से नपा ने कमाए सात लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली नगर पालिका के दो मार्च को चुनाव होने हैं। चुनाव लड़ने के लिए नपा का नो ड्यूज लेना पड़ता है। अटेली नपा का विभिन्न प्रकार का ढाई करोड़ का दो करोड़ टैक्स बकाया है। 11 फरवरी से सोमवार 17 फरवरी तक नामांकन प्रक्रिया चली। अटेली कस्बे में 12 वार्ड है, इन सभी वार्ड में लड़ने वाले प्रत्याशियों व चेयरमैन को नपा का बकाया नो ड्यूज जमा करवाना होता है। जानकारी के अनुसार अटेली कस्बे में 118 तहबाजारी, 53 दुकाने व 4500 के करीब प्रॉपर्टी आईडी है। इन सभी का मिलाकर दो करोड़ से अधिक टैक्स बकाया है, जिसमें रैंट, किराया, हाउस टैक्स शामिल है। नपा समय-समय पर टैक्स एकत्रित करने के लिए अभियान चलाती है, लेकिन नागरिक गंभीर नहीं होते। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी नो ड्यूज हासिल करने के लिए राशि को जमा करवाने लगे है। नगरपालिका समय-समय पर टैक्स एकत्रित करने के लिए अभियान चलाती रहती है, लेकिन चुनावों में प्रत्याशियों को नो ड्यूज लेना अनिवार्य होने पर इस समय जमा करना उनकी मजबूरी होती है।

नपा ने बकाया रैंट, गृह कर आदि के लिए योजना बनाई हुई है। नपा के चुनावों में व्यस्तता के चलते इस कार्य में थोड़ी देरी हुई है, लेकिन जल्द टैक्स जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ नपा एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस नागरिक को अतिरिक्त पेनल्टी से बचाना है वो नागरिक अर्बन लोकल बॉडी की साइट पर ऑनलाइन करवा सकते हैं।

### यह होंगी नए भवन में सुविधाएं

नपा के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि हाउस टैक्स, किराया आदि की रशीद कटवाने के लिए कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई हुई है। साइट पर ऑनलाइन टैक्स जमा करा सकते है। उसकी ऑनलाइन ही रशीद मिलती है। नगरपालिका समय समय पर टैक्स एकत्रित करने के लिए अभियान चलाती है, लेकिन चुनाव में नो ड्यूज आवश्यक होने के कारण जरूरी होने पर प्रत्याशी को अपना बकाया क्लीयर करना होता है। फरवरी माह में दो लाख रुपये का विभिन्न प्रकार बकाया गृह कर व दूसरा टैक्स नपा के खाते में आया है। जबकि इससे पहले एक अप्रैल से 31 जनवरी 2025 तक नपा को साढ़े 11 लाख रुपए ही का टैक्स मिला था।

**सर्वेक्षण** | शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम : कम होंगे स्वामित्व रिकॉर्ड के विवाद, मजबूत होंगे संपत्ति अधिकार

# विधायक ओमप्रकाश यादव ने किया राष्ट्रीय शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ


- शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम क्रांतिकारी कदम साबित होगा : ओमप्रकाश यादव
- राजस्थान बॉर्डर पर दोस्तपुर में पैमाइश अनुसार कब्जा कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पूर्व मंत्री व नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि शहरी भूमि की सही पहचान करने के लिए राष्ट्रीय शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम क्रांतिकारी कदम साबित होगा। केंद्र व हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि जमीनी रिकॉर्ड पूरी तरह से डिजिटलाइज और जीआईएस मैप हो। इससे स्वामित्व रिकॉर्ड के विवाद कम होंगे और नागरिकों के संपत्ति के अधिकार मजबूत होंगे। विधायक मंगलवार लघु सचिवालय में भूमि संसाधन विभाग की ओर से राष्ट्रीय शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश से ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान पर उपायुक्त डॉ विवेक भारती, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा व नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी मौजूद थी। इस अवसर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार का फोकस है कि जमीनी रिकॉर्ड का जल्द से जल्द डिजिटलीकरण किया जाए ताकि त्वरित और प्रभावी शहरी योजना बनाई जा सके। इसके अलावा इससे प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार होगा तथा शहरी निकायों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी, वहीं संपत्ति लेनदेन और ऋण प्राप्ति भी सरल होगी। विधायक ने बताया जिला के निवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि नारनौल शहर को इस पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। इस पायलट प्रोजेक्ट में हरियाणा के मानेसर तथा पंचकूला शहर को भी शामिल किया है। उन्होंने बताया कि नारनौल शहर में सर्वे आफ इंडिया तथा गरुड़ कंपनी इस कार्य को एक साल में पूरा करेंगी। इसके लिए 26 टीमें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट में 26 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यह सर्वेक्षण 152 शहरों में किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि इस सर्वेक्षण के तहत एरियल सर्वे तथा फील्ड सर्वे का एंड टू एंड एकीकरण होगा। सर्वेक्षण के लिए ड्रोन के माध्यम से उच्च कोटि के कैमरों से वीडियोग्राफी ली जाएगी। इस कार्यक्रम के बाद विधायक ओमप्रकाश यादव ने लघु सचिवालय के पीछे ड्रोन डेमोंसट्रेशन भी देखा। इस मौके पर डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल व एक्सईएन सुंदर श्योराण के अलावा अन्य अधिकारी की मौजूद थे।



**नारनौल।** शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ड्रोन डेमोंसट्रेशन देखते विधायक ओम प्रकाश यादव। *फोटो : हरिभूमि*



नारनौल। लघु सचिवालय परिसर से सर्वे ऑफ़ इंडिया द्वारा ड्रोन से लिया गया

- सर्वेक्षण के लिए ड्रोन से की गई वीडियो ग्राफी



# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।



लाइफ Style

# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2ः द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगीः नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

**मुंबई।** सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

## टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य



पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।

# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे। लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन



अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

## री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

***मुंबई।** बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



## 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

## 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34



बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं। प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

## शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

## 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

**खबर संक्षेप**

### जोनावास में खेत से पानी की मोटर चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव जोनावास स्थित खेत से चोर पानी की मोटर चोरी की ले गए। गांव निवासी सतीश कुमार यादव ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत में तार फैंसिंग का काम चल रहा है, जिसके लिए उसने खेत में पानी की सुविधा के लिए मोटर लगाई हुई थी। 16-17 फरवरी की रात खेत से पानी मोटर चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### समारोह स्थल के बाहर से बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के नंदरामपुर बास स्थित समारोह स्थल के बाहर से बाइक चोरी हो गई। नंदरामपुर बास निवासी सचिन यादव ने पुलिस को बताया कि वह 16 फरवरी शाम करीब 8 बजे नंदरामपुर बास स्टैंड स्थित शिवालय वाटिका में लगन प्रोग्राम में गया था और अपनी मोटरसाइकिल बाहर खड़ी करके अंदर चला गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास में खेत पर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोटों के कारण युवक बेहोश हो गया। गांव आलमपुर जिला अलवर राजस्थान निवासी खजान सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित गांव नंदरामपुर बास में रहकर साजे की खेती करता है। 10 फरवरी को उसका लड़का सुरेन्द्र खेत से मोटर साइकिल पर दूसरे खेत में जा रहा था।

### धारोली-कोसली मार्ग पर दुर्घटना में कबाड़ी घायल

**कोसली।** धारोली से कोसली मार्ग पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने कबाड़ी की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। कोसली में हुड्डा पार्क के पास झुग्गी में रहने वाले परवाना ने कोसली थाना पुलिस को बताया कि वह कबाड़ी फेरी का काम करता है। 15 फरवरी दोपहर करीब 1 बजे वह बाइक पर धारोली से कोसली जा रहा था। तभी पीछे से आए एक गाड़ी चालक ने उसकी साइड दबाकर अचानक उसके सामने आकर ब्रेक लगा दिए।

# सिहमा, सतनाली व निजामपुर ब्लॉक को शामिल करने के लिए सांसद ने लिखा पत्र

**हरियाणा की कृषि उपज को बढ़ावा देने के लिए इस योजना के विस्तार के लिए उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

अलग खबर

केंद्र सरकार की भूजल रिचार्ज के लिए शुरू की गई अति महत्वाकांक्षी योजना अटल भूजल को आगे बढ़ाने तथा सिहमा, सतनाली व निजामपुर ब्लॉकों को भी इस योजना में शामिल करने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2020 में पूरे देश में गिरते भूजल स्तर को रोकने एवं भूजल रिचार्ज के लिए अटल भूजल योजना शुरू की थी।

**भूजल स्तर ऊपर उठने में लाभ**

जिसके अंतर्गत दर्जनों गांवों में पहले से खुदे हुए तथा नए खोदकर भी सैकड़ों जोहड़ों को नहरी नेटवर्क से जोड़ा गया है। इससे ना सिर्फ भूजल स्तर में लाभ हुआ है, बल्कि नांगल चौधरी के तो बहुत से ऐसे गांव जहां खेती पर संकट गहरा गया था, आज वहां भूजल स्तर भी उठा है तथा किसान को अच्छी पैदावार भी मिल रही है। संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री को लिखे पत्र में इस बात का भी हवाला दिया है कि हरियाणा के 88 ब्लॉक लगभग डार्क जोन में जा चुके हैं तथा 19 ब्लॉक भूजल दोहन के मामले में गंभीर स्थिति में है।

**कुछ ब्लॉक इस योजना से बाहर**

लगभग प्रत्येक जिले में कुछ ब्लॉक इस योजना से बाहर भी रखे, जिस कारण इन ब्लॉकों में भूजल रीचार्ज का काम उतना नहीं हो पाया जितनी आवश्यकता थी। साथ ही ये भी बताया है कि देश के कुल क्षेत्रफल का महज 1.5 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद हरियाणा का देश की कृषि उपज में लगभग 15 प्रतिशत योगदान है। ऐसे में यहां पर गिरते भूजल स्तर को उठाने के लिए इस प्रकार की योजना के विस्तार की अति आवश्यकता है, नहीं तो पूरे देश की कृषि उपज पर भारी असर होगा। सांसद धर्मबीर सिंह ने ये भी कहा है कि जिन 14 जिलों में इस योजना को लागू किया गया था उन जिलों के सभी ब्लॉकों को इस योजना में शामिल

**योजना के विस्तार की मांग**

संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री को भी पत्र लिखकर निवेदन किया है कि हरियाणा की कृषि उपज को बढ़ावा देने के लिए इस योजना के विस्तार तथा नए ब्लॉकों को भी इसमें शामिल करने की बेहद आवश्यकता है। पिछले पांच साल के दौरान अटल भूजल योजना में शामिल पांचों ब्लॉक नांगल चौधरी, नारनौल, अटेली, कनीना एवं महेंद्रगढ़ में सांसद धर्मबीर सिंह के सहयोग से गिरते भूजल स्तर को रोकने तथा भूजल रीचार्ज के करोड़ों रुपये के कार्य हुए हैं, जिससे यहां के किसानों को लाभ हुआ है।

ये योजना पांच साल के लिए थी, जो अगले महीने समाप्त हो रही है। इस योजना के तहत जिला महेंद्रगढ़ को भी शामिल किया गया था। जिले के पांच ब्लॉक इसका हिस्सा थे। जिनमें नांगल चौधरी, नारनौल, अटेली, कनीना व महेंद्रगढ़ ब्लॉक शामिल हैं। इस योजना के तहत गिरते भूजल स्तर को रोकने तथा भूजल रीचार्ज के करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट इन पांच ब्लॉकों में पूरे हुए हैं।

## साइबर सैल ने किए टेलीग्राम टास्क फ्रॉड में संलिप्त 6 आरोपित गिरफ्तार

# टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क का झांसा देकर दिया था ठगी को अंजाम

- सात मोबाइल, एक लैपटॉप, पांच एटीएम कार्ड, 11 सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल



नारनौल। साइबर सैल द्वारा गिरफ्तार की गई फ्रॉड करने वाली टीम। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की पुलिस टीम ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित ठगी की वारदात को अंजाम देने में संलिप्त थे। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा युवराज वासी पिड़वा जिला डीडवाना, केदारमल वासी ललासरी जिला डीडवाना, नवीन वासी सारडी, रमेश वासी पिड़वा और रवि वासी कुचामन तथा रामदेव वासी ऑडिट जिला नागौर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने महेंद्रगढ़ के गांव ककराला की रहने वाली महिला से टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के माध्यम से 60 हजार रुपये ठग लिए थे। पुलिस ने आरोपितों से सात मोबाइल विद सिम कार्ड, एक लैपटॉप, पांच एटीएम कार्ड, चार सिम कार्ड और अन्य कागजात बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपितों से बरामद लैपटॉप और मोबाइल का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी मुताबिक ककराला की महिला ने शिकायत दी थी कि वह गवर्नमेंट टीचर और वर्तमान मे गांव खरखड़ा बास महेन्द्रगढ़ में तैनात है। गत 31 दिसंबर 2024 को उसके मोबाईल नम्बर पर एक अनजान मोबाईल नम्बर से वाटसअप पर मैसेज आया, जिसमें उसे ऑनलाइन घर बैठे जॉब करने के लिए सलाह दी, उसके बाद उन्होंने उसके वाटसअप नम्बर पर लिंक भेजकर टास्क दिया और स्टार देने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने उस लिंक पर क्लिक करके उनके कहे अनुसार स्टार दिए, उसके बाद उन्होंने टेलीग्राम ज्वाईन करने के लिए कहा। साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर ग्रुप ज्वाईन करवाकर टेलीग्राम पर टास्क पूरे करने के लिए कहा और टास्क पूरे करने पर प्रॉफिट मिलने का लालच देकर शिकायतकर्ता से 60,000 रुपये हड़प लिए। आरोपितों का पता लगाकर पुलिस ने उन्हें राजस्थान क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

### सीआईए ने अवैध हथियार समेत एक पकड़ा



नारनौल। सीआईए द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपित।

**नारनौल।** सीआईए पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर नारनौल क्षेत्र से एक आरोपित कपिल वासी नांगतिहाड़ी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमाएर ने बताया कि सीआईए नारनौल की टीम गस्त के दौरान नांगतिहाड़ी बाईपास महेन्द्रगढ़ रोड नारनौल पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि कपिल वासी नांगतिहाड़ी अवैध हथियार लिए हुए है, जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में गांव लहरोदा नजदीक नहर पुलिया के पास खड़ा है। अगर तुरन्त रैड की जाए तो अवैध हथियार सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर रेडिंग पार्टी तैयार कर बतलाए हुए स्थान पर रेड की गई, जहां पर एक लड़का गांव लहरोदा नजदीक नहर पुलिया के पास खड़ा दिखाई दिया। जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कपिल वासी नांगतिहाड़ी बताया, जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल बरामद हुआ और मैगजीन से एक जिन्दा कारतूस मिला। पुलिस ने अवैध हथियार को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ थाना सदर नारनौल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### निरीक्षक के पद पर अश्वनी कुमार के पदोन्नत होने पर एसपी ने लगाया स्टार



**नारनौल।** जिले में उप निरीक्षक के पद पदौन्नति के बाद निरीक्षक बन गए। इस पर एसपी पूजा वशिष्ठ ने उनको स्टार लगाया और शुभकामनाएं दी। जिले में अश्वनी कुमार साइबर सेल प्रभारी तैनात हैं, जिनका प्रमोशन हो गया है और निरीक्षक बन गए हैं। जिस पर मंगलवार को एसपी ने उनकी वर्दी पर स्टार लगाया और प्रमोशन होने पर बधाई दी। साथी पुलिस कर्मियों ने प्रमोशन मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही एसपी ने बेहतर सुरक्षा ड्यूटी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी ऐसी करें, जिससे जनता खुश रहे, भय में न रहे। इस मौके पर एसपी ने कहा कि प्रमोशन मिलने के बाद उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है, जिसमें कर्तव्यों में भी परिवर्तन आ जाता है, जिम्मेदारी एवं कार्यों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने उनको मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। गौर हो कि एसआई के पद से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने वाले निरीक्षक अश्वनी 2001 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे और 2018 में एसआई बने थे। इस दौरान उन्होंने भिवानी और महेंद्रगढ़ जिले के भिन्न–भिन्न थाना–चौकियों में अपनी सेवाएं दी। इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भिन्न–भिन्न थाना–चौकियों में ड्यूटी करते हुए काफी सराहनीय कार्य किए हैं, थाने–चौकियों में अनुसंधानकर्ता के रूप में कार्य करते हुए जघन्य अपराधों सहित अन्य मामले भी सुलझाए हैं। इन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान काफी सराहनीय कार्य किए।

## बेरूंडला गांव के आम रास्ते में भरा पानी एवं कीचड़, ग्रामीणों मे रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल




नारनौल। बेरूंडला गांव के रास्तों में भरा पानी एवं कीचड़। फोटो : हरिभूमि

गांव बेरूंडला के आम रास्ते में कीचड़ होने के कारण ग्रामीणों मे भारी रोष देखने को मिल रहा है। जहां ग्रामीणों का कहना है कि लोगों को यहां से निकलने के लिए उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि इस रास्ते गिरने के लिए हर कदम जोखिम उठाने पड़ रहे है। यदि समय रहते प्रशासन ने इस समस्या का समाधान नहीं किया तो ग्रामीण जिला उपायुक्त के दरबार मे पेश होंगे। ग्रामीण लीलाराम, किशोरी लाल, देशराज, सुभाष ने बताया कि बीती 12 फरवरी को उनके घर लड़कियों की शादी थी। जहां गांव का मुख्य रास्ता खराब होने के कारण उन्हें व बरातियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं आम ग्रामीणों को इस रास्ते से निकलने के लिए जोखिम उठाने पड़ रहे हैं।

# यदुवंशी के 3 विद्यार्थी टॉप-10 में

- विश्वविद्यालय टॉप-10 सूची में यदुवंशी के एमएससी फिजिक्स विभाग के तीन विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के फिजिक्स विभाग के तीन विद्यार्थियों ने टॉप-10 सूची में अपनी जगह बनाई। एमएससी फिजिक्स की छात्रा कल्पना पुत्री जयसिंह ने 9.39 सीजीपीए लेकर पूर्व विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, प्रिया पुत्री विनोद कुमार ने 9.06 लेकर दूसरा व सानवी पुत्री अनिल कुमार ने सीजीपीए 8. 9 लेकर पूरे विश्वविद्यालय में नौवा स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में स्थान हासिल करके न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का नाम भी रोशन किया। यदुवंशी कॉलेज के एमएससी फिजिक्स विभाग ने एक बार फिर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल कर क्षेत्र व संस्था का नाम रोशन किया। छात्रों की शानदार सफलता पर संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों और विभाग के सदस्यों को बधाई दी। फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थी की कड़ी मेहनत व विभाग सदस्यों के समर्पण और कॉलेज में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली का परिणाम हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में विशेष परिश्रम करते रहने की प्रेरणा दी। संस्था वाइस चेयरमैन करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बबरूभान व समस्त स्टाफ ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## पत्रकार की माता के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली



हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

गांव जांजड़ियावास निवासी एवं पत्रकार लाजपत जांगिड़, संजय जांगिड़ की माता प्रेम देवी को श्रद्धांजलि देने के लिए हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली पहुंचे। मोहनलाल बडौली ने कहा कि संसार में जो व्यक्ति जन्म लेता है, उसकी मृत्यु निश्चित है, यही विधि का विधान है। उन्होंने कहा कि प्रेम देवी बहुत ही धार्मिक एवं मिलनसार महिला थी। इस दुख की घड़ी में वह पत्रकार लाजपत के परिवार के साथ खड़े हैं। भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, उपप्रधान अमित भारद्वाज, भाजपा युवा मोर्चा नवीन शर्मा, ब्लॉक समिति चेयरमैन विजय लक्ष्मी, विवेक यादव, दिनेश यादव, सत्यनारायण, कंवर सिंह, राजकपूर, धर्मचंद जांगड़ा, नरेंद्र जांगड़, सुनील, मनोज, प्रवीन, जितेन्द्र, विनोद, सुशील नंबरदार आदि रहे।

# एकल नृत्य में दिखाई प्रतिभा

- विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दकेर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में सुसज्जित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने नृत्य प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि नृत्य लोगों के इतिहास को जीवित रखना और अपनी आंतरिक भावनाओं, विचारों एवं अनुभवों को व्यक्त करने का साधन है। नृत्य दृश्यमान संगीत है। नृत्य आपको स्वयं को खोजने और उसी समय स्वयं को खोने में सक्षम बनाता है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जीवन नृत्य की तरह है यह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के बारे में नहीं है। यह प्रत्येक कदम का आनंद लेने के बारे में है। यदि आप नृत्य में रूचि रखते हैं तो आपको निरंतर अभ्यास करना होगा। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह ने भी उपस्थित होकर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित किया।

**किया जागरूक** **पॉक्सो एक्ट उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से बचाना : सुमन राणा**

# राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना में पॉक्सो एक्ट विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कनीना




नारनौल। पॉक्सो एक्ट के बारे में बच्चों को जागरुक करते हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से मंगलवार राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना में पॉक्सो एक्ट-2012 विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा व गणेश कुमार ने संयुक्त रूप से बच्चों को पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट 2012 का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से बचाना और उन्हें न्यायिक सहायता प्रदान करना है। यह एक्ट बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बाल अपराध, अपहरण व यौन शोषण जैसी बढ़ती अपराधिक घटनाओं से बचने के लिए बच्चों को सचेत, समझदार व जागरूक होना पड़ेगा तथा अपने-पराए की पहचान करनी होगी। बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सर्वप्रथम उनके बाल अधिकार को सुनिश्चित करना है। बच्चों को जीने का अधिकार शिक्षा का अधिकार, सहभागिता का अधिकार व सुरक्षा का अधिकार है। इन अधिकारों को सुनिश्चित करके ही बच्चों का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व बौद्धिक विकास किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में भी जागरुक करने की आवश्यकता है। विषम परिस्थितियों में अगर बच्चे को कहीं सूचना देनी है तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर 24x7 कभी भी कॉल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने व बच्चों के प्रति हो रहे अपराधों को कम करने के बारे में जानकारी प्रदान की। बच्चों को किसी के भी घर पर अपने बड़ों के ही साथ जाना चाहिए। इससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकता है। अगर कोई परेशान करें तो उसके बारे में स्कूल अध्यापक या अपने परिवार वालों को जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी फोटो, वीडियो कभी भी शेयर नहीं करनी चाहिए और न ही किसी वेबसाइट या अनजान लिंक पर अपलोड करना चाहिए।

इस दौरान संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने बच्चों को बाल विवाह न करने के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर बाल कल्याण समिति के सदस्य राजेश गोयल, चेतन शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी व सुषमा यादव, लेखाकार प्रेमलता एवं सामाजिक कार्यकर्ता कमल मौजूद थे।

## वार्षिक उत्सव के तीसरे दिन गाय की रक्षा पर जोर



मंडी अटेली। गोशाला बिहाली में छठे वार्षिक उत्सव पर महिलाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली

श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में चल रहे चार दिवसीय छठे वार्षिक उत्सव के तीसरे दिन गांव कायसा निवासी लक्ष्मीनारायण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं रामपुरा निवासी घीसाराम विशिष्ट अतिथि तथा अध्यक्षता पंडित हरलाल शर्मा ने की। मंच संचालन कर रहे शिक्षाविद बाबू प्रहलाद सिंह ने गाय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गाय को भारतीय संस्कृति में माता का दर्जा दिया गया है और इसका दूध, दही, घी और गोबर मानव जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि गाय की रक्षा और संरक्षण करने पर बल दिया। आप लोगों द्वारा दिए जा रहे सहयोग एक प्रेरणादाई कदम है, जो गाय के महत्व को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

### जनस्वास्थ्य विभाग जनता के जीवन से कर रहा खिलवाड़: अंजू

**मंडी अटेली।** सिहमा क्षेत्र में जगह-जगह पाइपलाइन टूटने से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। सिहमा पंचायत समिति चैयरमेन अंजू यादव ने बताया की स्वास्थ्य जीवन जीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध होना जरूरी है लेकिन जिसके कारण आम रास्तों में गहरे गड्ढे बन चुकें है जो स्कूल बसों के साथ साथ अन्य साधनों को किसी भी हादसे के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उनके गांव दौगड़ा अहीर में कई जगह टूटी हुई पाइप लाइनों से पानी जगह-जगह जमा हो रहा है। जिनमें पशु लोटते है और उसी गंदे पानी की आपूर्ति उनको की जा रही है।

**सूचना**

मैं, छैलुराम पुत्र श्री फुलचंद निवासी ग्राम थाना तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र निकवल सिंह तथा मेरी पुत्रवधु कविता मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### गोशाला में लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** यशोदा जयंती पर कैलाश सोनी बवानिया वाले ने अपने परिवार की सुख-शांति के लिए श्री गोशाला धौलपोश आश्रम में सवामणी का आयोजन किया गया। प्रधान रविंद्र तिवारी ने बताया कि काल में गो-सेवा और गोपूजन करके अपने पापों से मुक्ति पाई जा सकती है। प्रत्येक घर से एक रुपया व एक रोटी प्रतिदिन गोशाला को दान करने को हिंदू धर्मग्रंथो अनुसार सनातनी हिंदू परिवार का कर्तव्य है। महीने में एक बार सह परिवार गोशाला जाने से गो-माता के आशीर्वाद से घर में सात्विकता आती है। गोशाला प्रधान रविंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष मास्टर महावीर प्रसाद, संरक्षक सुरेश शर्मा, सचिव रमेश कुमार वर्मा व राजकुमार लेखाकार उपस्थित रहे।

### कनीना में 7 को होगी युवा पंचायत

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी बेरोजगार युवाओं की मांगों को लेकर आंदोलन करेंगी। बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने राज्य सरकार पर युवा हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आगामी सात मार्च को कनीना में जिला स्तरीय युवा पंचायत आयोजित करने का ऐलान किया है। इस संबंध में अतरलाल ने कहा कि सक्षम योजना के तहत युवा बेरोजगारों को महीने में जो 100 घंटे का काम और मानदेय मिलता था। वह बंद होने के कारण बेरोजगार युवाओं तथा उनके अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

### गोवंश के लिए रखे बर्तनों और आसपास की सफाई

**नारनौल।** मिशन महेन्द्रगढ़ अपना जल अभियान सदस्य डॉ कृष्णा आर्या व मास्टर अर्जुनदत्त ने हुडा सेक्टर चमत्कारी मंदिर के पास गौवंश के लिए रखे पानी के बर्तनों व उसके आसपास के स्थान की साफ सफाई की और गायों के पीने के लिए पानी भरा। समाजसेविका डॉ कृष्णा आर्या ने बताया कि सुबह साईकलिंग के दौरान इन पानी के बर्तनों को खाली व घास पत्तों से, गंदगी से भरा देखा तो गुरु अर्जुनदत्त जी के साथ इनको साफ करके जल भरने के अभियान में जुट गई।

# महेंद्रगढ़ शहर के बाजार में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, टीम के बाजार में दस्तक देते ही मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका टीम द्वारा मंगलवार को शहर के बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका का दस्ता जैसे ही बाजार में दस्तक दी तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पालिका कर्मचारियों ने रोड पर अतिक्रमण करके रखे हुए सामान को जब्त कर लिया। यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर, शंकर मार्केट, शंकर मार्केट, बालाजी चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड,



**महेंद्रगढ़।** रोड पर रखे सामान को पालिका वाहन डालता कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

आंबेडकर चौक, शॉपिंग कॉम्पलैक्स सहित अन्य मुख्य मार्गों पर चलाया गया। अभियान का नेतृत्व दरोगा राजेंद्र कुमार, सुमित उर्फ रिंकू व अनिल की देखरेख में चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया। पालिका की इस कार्रवाई को देखकर अन्य व्यापारियों ने पहले ही अपना रोड पर रखा सामान समेटकर दुकानों के अंदर कर लिया। दुकानदारों द्वारा रोड पर सामान होने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन के साथ-साथ वाहन चालक भी बुरी तरह से परेशान है। इतना ही नहीं कुछ लोग द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के आगे रेहड़ियां लगवाकर उनसे किराया भी वसूलने की शिकायतें भी पालिका को मिल रही है। रेहड़ियां आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रही है। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी हैं। नगर पालिका कर्मचारियों ने रोड पर रखे मेज व साइन बोर्ड को अपने कब्जे ले लिया।

### शहर में अतिक्रमण की भरमार

शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों एवं वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। शहर में सबसे अधिक अतिक्रमण सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सराफा बाजार, माता मसानी चौक दुकानदार रोड पर सामान रखते हैं। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अभियान चलने से लोगों को कुछ राहत मिलती हैं।

### जारी रहेगा अभियान

नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि नगर पालिका की ओर से समय-समय पर यह कार्रवाई की जाएंगी। इसके अलावा कोई दुकानदार बार-बार अतिक्रमण करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा। नगर के मुख्य मार्गो पर बढ़ते अवैध कब्जा नगर की सुंदरता व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए काफी गंभीर समस्या है। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होती है। साथ ही यातायात जाम होने की स्थिति में वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## 9 मार्च को शहर में पानी आने की उम्मीद, छा सकता है पेयजल संकट

# अल्टरनेट सिस्टम शुरू, कल से शहर को एक दिन छोड़ दूसरे दिन मिलेगा पानी

- एकबार निर्धारित शेड्यूल से कम आया था नहर में पानी, कम पानी मिलने के कारण जनस्वास्थ्य विभाग के टैंक भी नहीं फुल
- 2 फरवरी को नहर में आया था पानी, 12 फरवरी को पानी आना हो गया था बंद, निर्धारित शेड्यूल से 6 दिन कम आया है नहर में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़।

जवाहर लाल कैनाल में निर्धारित शेड्यूल में 6 दिन कम पानी आने के चलते जनस्वास्थ्य विभाग शहर में वीरवार से अल्टरनेट सिस्टम शुरू करेगा। बढ़ती गर्मी के चलते फरवरी माह में शहर के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है।

बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर पूरी तरह से नहरी पानी पर निर्भर है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इस बार महेंद्रगढ़ जिला में निर्धारित शेड्यूल से छह दिन में नहरी पानी



महेंद्रगढ़। गांव देवास स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

मिला है। ऐसे में शहर के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 16 दिन नहर में पानी आता है तथा 24 दिन बंद रहता है। दो जनवरी को जवाहर लाल कैनाल में पानी आया था। वहीं 12 जनवरी को नहर में पानी आना बंद हो गया था। जनस्वास्थ्य विभाग के दो टैंक ही फुल हो पाए थे। ऐसे में जनस्वास्थ्य विभाग के लिए शहर में पेयजल आपूर्ति करना चुनौती से कम नहीं होगा।

### 2 टैंक ही हुए थे फुल

जलघर के टैंक नंबर एक की क्षमता साढ़े लाख करोड़ लीटर है। टैंक नंबर दो की क्षमता साढ़े लाख करोड़ लीटर है। नहर में पानी आने के दौरान केवल टैंक नंबर एक और दो ही फुल हो पाए थे। चार करोड़ लीटर की क्षमता के टैंक नंबर तीन और पांच करोड़ लीटर की क्षमता के टैंक नंबर चार में केवल 80 प्रतिशत ही पानी भर पाया था। विभाग के पास शहर के पेयजल उपलब्ध कराने को पर्याप्त नहीं है।

### नहर में नौ को पानी

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई दीपचंद का कहना है कि नौ मार्च को शहर में पानी आने की उम्मीद है। विभाग को इस बार पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया है। ऐसे में 20 फरवरी से शहर में अल्टरनेट सिस्टम शुरू किया जा रहा है। आमजन से अपील है कि पेयजल का सदुपयोग करें। कोई भी व्यक्ति पानी को व्यर्थ न बहाएं, पानी के प्रबंध किए जा रहे हैं, दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

### प्रतिदिन 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता

नहरी पानी पर आधारित देवास जलघर में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता के चार टैंक बने हुए हैं। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इन सात स्टेशनों से स्टेशन से शहर की करीब 50 हजार की आबादी को पानी दिया जाता है। प्रतिदिन शहर की आबादी को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर पानी के हिसाब से कुल 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से जन स्वास्थ्य विभाग के पास शहर को नियमित आपूर्ति के लिए महज 10 दिनों का ही पानी स्टोर हो सकता है। इसके बाद विभाग द्वारा पानी की राशनिंग शुरू कर दी जाती है। देवास जलघर में तीन बोरवेल भी बने हुए हैं, लेकिन इन बोर से पेयजल आपूर्ति बनाए रखना चुनौती से कम नहीं है।



**नारनौल।** स्वच्छ भारत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्रो. चंद्रमोहन।

# पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

- सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्राचार्या डॉ पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में गांव पटीकरा में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। सुबह के सत्र की शुरुआत योग सुक्ष्म क्रिया और योगाभ्यास से हुई। प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर सतीश कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत थीम पर मुख्य वक्ता पर्यावरण क्लब नोडल अधिकारी प्रोफेसर चंद्र मोहन ने अपना वक्तव्य रखा और बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत में एक अभियान है जिसका उद्देश्य भारत के शहरों, छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों की सड़कों, सड़कों और बुनियादी ढांचे को साफ करना है।

स्वच्छ भारत अभियान लोगों से जबरदस्त समर्थन प्राप्त करने वाला 'जन आंदोलन' बन गया है। नागरिक भी बड़ी संख्या में बाहर निकले हैं और स्वच्छ भारत के प्रति वचनबद्ध हैं। सड़कों को साफ करने, कचरा साफ करने, स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के लिए झाड़ू लगाना स्वच्छ भारत अभियान के शुभारंभ के बाद एक अभ्यास बन गया है। प्रोग्राम अधिकारी डॉ पलक ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं ने समूह में अपनी प्रस्तुति दी और स्वच्छ भारत पर 10 टीमों द्वारा ड्रामा एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। प्रोग्राम अधिकारी डॉ जयपाल ने बताया कि संध्या सत्र में आज के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ चन्द्र मोहन ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छ भारत जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रम अधिकारियों और महाविद्यालय कुलसचिव डॉ सत्यपाल सुलोदिया व प्रोफेसर डॉ मुकेश यादव के सानिध्य में गांव पटीकरा के मुख्य मार्गो से होते हुए रेलवे स्टेशन तक और उसके बाद अनाज मंडी तक आमजन को स्वच्छ भारत जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा गांव के कमल सिंह शहीद स्मारक साफ सफाई में श्रम दान दिया। वहीं महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया।

# कनीना बार एसोसिएशन चुनाव-प्रधान व कोषाध्यक्ष पद के लिए 28 को मतदान

- उप प्रधान, सचिव तथा सह सचिव पद पर निर्विरोध हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए दाखिल किए नामाकंन पत्रों में मंगलवार प्रधान पद के लिए एक आवेदन राकेश कुमार ने वापिस ले लिया है। वहीं उप प्रधान पद के लिए ममता यादव, सचिव पद के लिए संदीप कुमार व सह सचिव पद के लिए संत कुमार ने भी अपना नामाकंन पत्र वापिस ले लिया। अब बार एसोसिएशन चुनाव के दृष्टित प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिनेश कुमार यादव व सह चुनाव अधिकारी



**कनीना।** निर्विरोध निर्वाचित हुए पदाधिकारियों का अभिनंदन करते चुनाव अधिकारी।

नवीन कौशिक ने बताया कि प्रधान पद के लिए एडवोकेट वेदप्रकाश गुर्जर, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, अखिल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशी कुमार चुनाव मैदान में हैं। जिनके मध्य मुकाबला माना जा रहा है। उप प्रधान, सचिव व सह सचिव सहित तीन पदों पर सहमति बनने से निर्विरोध निर्वाचित हो गए। एडवोकेट ममता यादव द्वारा आवेदन वापिस लेने के बाद एडवोकेट संदीप कुमार उप प्रधान पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इसी प्रकार सविव पद के लिए एडवोकेट सोमबीर सिंह तथा सह सचिव पद के लिए एडवोकेट जितेंद्र कुमार भी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। प्रधान तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 28 फरवरी को मतदान होगा।



**नारनौल।** जल संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक करते हुए।

### जल संरक्षण, स्वत्रछता व प्राकृतिक संसाधनों के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास में विद्यालय इंचार्ज संजय बडेसरा की अध्यक्षता में जल संरक्षण व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संसाधन संयोजक इंद्रजीत द्वारा बच्चों को विद्यार्थी जीवन में जल संरक्षण व पेयजल गुणवत्ता के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि आज प्रत्येक माता पिता द्वारा अपने बच्चों के भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयत्न किया जाता है ताकि उनका बच्चा पढ़ाई में सफल हो लेकिन कुछ लोगों की नासमझी के कारण बच्चों की शिक्षा बाधित हो जाती है क्योंकि वे पढ़ाई के साथ शुद्ध पेयजल के महत्त्व को अनदेखा कर देते हैं जबकि शुद्ध पेयजल के अभाव में संतुलित भोजन का भी फायदा नहीं मिल पाता। जिसके कारण बच्चे कुपोषण का शिकार होने लगते है और कई बार वे डायरिया जैसी जल जनित बीमारियों का शिकार होने के कारण पढ़ाई में पिछड़ जाते है। इसलिए प्रत्येक माता पिता को अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने पेयजल कनेक्शन नालियों से बाहर रखने चाहिए और उन टूंटी लगानी चाहिए ताकि दूषित जल व कोई भी जहरीला जीव पेयजल लाइन में ना जा सके।

# बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में दो दिवसीय एथलेटिक मीट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य अनिल यादव ने किया। इस प्रतियोगिता में पहले दिन पहला इवेंट लड़कियों की 400 मीटर के साथ शुरू हुआ, जिसमें पहला स्थान अंजलि सिविल ब्रांच, दूसरा स्थान तनु सिविल एवं तीसरा स्थान महक कंप्यूटर ने प्राप्त किया। इसके बाद लड़कों की 1500 मीटर रेस का आयोजन हुआ, जिसमें पहले स्थान पर मैकेनिकल के कुणाल, दूसरा स्थान इलेक्ट्रिकल के अजय और तीसरा स्थान इलेक्ट्रिकल के किरण पाल ने प्राप्त किया। इसके बाद शॉटपुट और विभिन्न खेलों का आयोजन पहले दिन चलता रहा। बुधवार दोपहर बाद इस प्रतियोगिता का समापन होगा।



**नारनौल।** विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत करते प्राचार्य अनिल यादव।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोडवेज के जीएम अनित कुमार होंगे, जो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर संस्थान के प्राचार्य अनिल यादव के साथ-साथ स्टूडेंट फंड प्रेसिडेंट अनिल कुमार यादव, वर्कशॉप सुपरीटेंडेंट नरेश शर्मा, ऑफिसर इंचार्ज कल्चरल एक्टिविटी करुणा यादव व स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव सभी विभागों के विभागाध्यक्ष संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# एडीआर सेंटर में पीड़ित की देखभाल व सहायता के लिए सहायता बल का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जिला वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र एडीआर सेंटर में पीड़ित की देखभाल व सहायता के लिए पीड़ित सहायता बल का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि इसमें चिकित्सा सहायता, पुलिस स्टेशन में सहायता, कानूनी सहायता, अन्य एंजेसियों के साथ ताल मेल में सहायता, सुरक्षा योजना के तहत सहायता, पीड़िता मुआवजा योजना के तहत सहायता, कोर्ट संगत गतिविधि में सहायता, पुनर्वास में सहायता, काउंसलिंग में सहायता व पीड़ित अन्य किसी विषय पर भी सहायता या मुफ्त कानूनी सलाह व जानकारी प्राप्त करने के लिए एडीआर सेंटर नारनौल में व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के




**नारनौल।** विद्यार्थियों को पीड़ित सहायता केंद्र के बारे में जागरूक करती अधिवक्ता गिरीबाला यादव।

हेल्पलाइन 01282-250322 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पीड़ित की देखभाल व सहायता करने के लिए पीड़ित सहायता केंद्र के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जिला में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में अधिवक्ता गिरीबाला यादव ने विधार्थियों को पीड़ित सहायता केंद्र के बारे में जागरूक किया।

**राजनीति** | भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जयराम सदन कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा पर साधा निशाना

# कांग्रेस पार्टी को देश की एकता और अखंडता से कोई सरोकार नहीं : मोहनलाल बड़ोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कांग्रेस पार्टी के नेता का बयान साबित कर रहा है कि उन्हें देश की एकता और अखंडता से कोई सरोकार नहीं है। उपरोक्त बातें हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के आवास जयराम सदन में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा पर पलटवार करते हुए कही। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि चीन




**महेंद्रगढ़।** जानकारी देते प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली।

भारत का दुश्मन नहीं है। चीन से भारत को खतरे को अक्सर बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि पित्रोदा के बयान को भारत की पहचान, संप्रभुता और कूटनीति को गहरा आघात लगा है। कांगेस नेता पहले भी देश के खिलाफ विवादित बयान देते रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में हो रहे निकाय चुनावों में भाजपा का कमल खिलेगा और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा से मिलने से हमारी बैटरी चार्ज हो जाती है। रामबिलास शर्मा पार्टी के हरियाणा के ऐसे वरिष्ठ नेता हैं, जिनके नेतृत्व में हर कार्यकर्ता ने काम करके बीजेपी को मजबूत करने का कार्य किया है। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में अमेरिका यात्रा बेहद सफल रही।

### ये उपस्थित रहे

इस मौके पर भाजपा नेता कुलदीप यादव बोचड़िया, युवा भाजपा नेता नवीन शर्मा राठीवास, ब्लॉक समिति चेयरमैन विजयलक्ष्मी, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, भीम यादव पूर्व सरपंच माजरा खुर्द, अमित भारद्वाज पाली, रमेश शर्मा जाटवास, नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन रमेश बोहरा, धर्मेंद्र सैनी, अशोक लोहमरोड, अजय मोनू शेखावत, अजय शर्मा खेड़की, अमित मिश्रा, कुलदीप शर्मा, विवेक खैरवाल व दिनेश यादव उपस्थित रहे।